Helpline No.:-(+91)-7597122440

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551–75

क्रमांक : प (274) जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / दिनांक :

## कार्यालय आदेश

निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान सरकार के पत्रांक प.16(2)संस्कृत शिक्षा / 2025–02384 दिनांक 23.06.2025 द्वारा क्रमोन्त 17 राजकीय संस्कृत महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2025–26 के ऑनलाईन सम्बद्धता आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने बाबत् कार्यालय आदेश क्रमांक प (274) जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / 2054–65 दिनांक 23.07.2025 जारी किया गया था। जिसके क्रम में अधोलिखित महाविद्यालय द्वारा सत्र 2025–26 के सम्बद्धता आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किये गयेः–

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | आचार्य स्तर हेतु विषय |
|---|---|---|
| 1. | राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, नाथद्वारा | भाषा विज्ञान, साहित्य, शुक्ल यजुर्वेद |
| 2. | राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, पीठ | भाषा विज्ञान, साहित्य, व्याकरण |
| 3. | राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, चौथ का बरवाड़ा | भाषा विज्ञान, साहित्य, व्याकरण |

संबंधित महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर छात्रहित में विचार करते हुए उक्त 03 राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2025–26 में आचार्य पाठ्यक्रम संचालन बाबत् नियमानुसार सम्बद्धता आवेदन हेतु सम्बद्धता पोर्टल jrrsu.in को सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 01.12.2025 से 05.12.2025 तक खोला जाता है**। संबंधित राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि आचार्य पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करते हुए सम्बद्धता आवेदन पत्र एवं सम्बद्धता शुल्क निम्न विवरणानुसार जमा करावें:–

| क्र. सं. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1. | सम्बद्धता आवेदन प्रक्रिया शुल्क | रु. 3000 / – मय GST 18% कुल 3540 / – |
| 2. | सम्बद्धता शुल्क | आचार्य प्रत्येक विषय 5,000 / – मय GST 18% कुल 5900 / – |
| 3. | महा योग (जमा कराने योग्य कुल राशि) | **3540 / – + 17,700 / – = 21240 / –** |

नोट : समस्त सूचनाएं / circular / सम्बद्धता पत्र / नोटिस इत्यादि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर यथासमय उपलब्ध होंगे। इस संबंध में अलग से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। विश्वविद्यालय की वेबसाईट का नियमित अवलोकन करने की जिम्मेदारी आवेदित महाविद्यालय की होगी।

sd/

**(डॉ. गुंजन सोनी)**
आर.ए.एस.
**कुलसचिव**

क्रमांक : प (274) जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / 4206-16 दिनांक : 28/11/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. श्रीमान् आयुक्त, संस्कृत शिक्षा, जयपुर
2. निजी सचिव, कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
3. निजी सहायक, कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर
4. वित्त नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
5. आहरण–वितरण अधिकारी, जरारासंविवि, जयपुर
6. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
7. संयोजक विद्यापरिषद्, जरारासंविवि, जयपुर
8. वेबसाईट प्रभारी, जरारासंविवि, जयपुर
9. प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, जरारासंविवि, जयपुर को सम्बद्धता शुल्क संग्रहण किये जाने के क्रम में।
10. अनुबंधित फर्म को प्रति प्रेषित कर लेख है कि संबंधित 03 महाविद्यालयों से ही सत्र 2025–26 का ऑनलाईन सम्बद्धता आवेदन पत्र भरवाये जाने की कार्यवाही करावें।
11. संबंधित महाविद्यालय निर्धारित अवधि में आचार्य पाठ्यक्रम संचालन बाबत् पोर्टल पर नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं सम्बद्धता शुल्क जमा कर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा करावें।

28.11.25

**कुलसचिव**